दिनांक : 28.07.2024 समय : 07.10pm

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
# सांध्यकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने की "मन की बात" कार्यक्रम में इंदौर के एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना।
- पेरिस ओलम्पिक में भारत को मिला पहला पदक। मनु भाकर ने निषानेबाजी में जीता कांस्य।
- सावन के सोमवार पर उज्जैन में कल पुलिस ब्रास बैण्ड के साथ निकलेगी महाकाल की सवारी।
- प्रदेष में लगातार हो रही बारिष से नदी–नाले ऊफान पर। बांधो का जलस्तर बढ़ा।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज "मन की बात" कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में हुए विशेष कार्य की प्रषंसा करते हुए कहा कि इन्दौर में एक ही समय लाखों पौधों का रोपण किया गया है, जो अपने आप में अनूठा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नागरिकों से आहवान किया कि अपनी माँ के नाम पेड़ लगाने के इस अभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़ें। इससे जुड़कर नागरिकों को अपनी "माँ" और "धरती माँ" दोनों के लिए कुछ विशेष कर पाने का अहसास होगा।

श्री मोदी ने कहा कि अगले महीने की 7 तारीख को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाएगा। इसकी चर्चा करते हुए श्री मोदी ने मध्य प्रदेश की माहेश्वरी साड़ी, ओडिशा की संबलपुरी साड़ी, महाराष्ट्र की पैठानी साड़ी सहित अनेक उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर लाखों रुपये कमा रही हैं। प्रधानमंत्री ने ड्रग्स के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हर परिवार की ये चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा इसकी चपेट में न आ जाए। अब ऐसे लोगों की मदद के लिये सरकार ने एक विषेष केन्द्र ''मानस'' हेल्पलाइन और पोर्टल षुरू किया गया है। वहीं श्री मोदी ने खादी पर जोर देते हुए कहा कि हेण्डलूम की बढ़ती हुई बिक्री बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी बना रही हैं। सबसे ज्यादा महिलाएं इससे जुड़ी हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक खादी के वस्त्र खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए पेरिस ओलिंपिक, टाइगर डे, वनों के संरक्षण पर अपनी बातें रखीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस–15 अगस्त पर लोग तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करें।

**ओलिंपिक**

पेरिस ओलिंपिक के दूसरे दिन भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनु भाकर निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाडी बन गई हैं। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दो सौ 21 दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। निशानेबाजी में भारत को 12 साल बाद पदक मिला है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाली मनु भाकर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह निशानेबाजी प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा कि यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एयर पिस्टल

प्रतिस्पर्धा में भारत की बेटी के कांस्य पदक जीतने पर कहा कि मनु भाकर ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। आपकी यह विजय भारत की असंख्य बेटियों को प्रेरणा प्रदान करेगी।

## वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने, कर्नाटक को कर हस्तांतरण के बारे में केंद्र सरकार के खिलाफ झूठ फैलाने के लिए विपक्ष और राज्य सरकार पर हमला बोला है। आज बेंगलुरु में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने यूपीए और एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान कर्नाटक को किए गए आवंटन की तुलना करते हुए आंकड़े जारी किये। वित्त मंत्री ने बताया कि 2004 से 2014 के बीच राज्य को सिर्फ 81 हजार 791 करोड़ रुपये मिले, यह राशि एनडीए अवधि के दौरान 2014 से 2024 के बीच भारी वृद्धि के साथ 2 लाख 95 हजार 818 करोड़ रुपये हो गई।

## सम्मान समारोह–राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिविल सेवा में सफल प्रतिभागी अपनी योग्यता का जनहित और देशहित में उपयोग करें। सिविल सेवा, ग़रीब, वंचित और जरूरतमंदों की सेवा का अवसर है। दूसरों की सेवा करना ही जीवन की सार्थकता है। श्री पटेल संकल्प संस्थान के प्रशासनिक सेवा में सफल प्रतिभागियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रतिभागियों, उनके परिजनों और संस्थान को बधाई दी और प्रतिभागियों का सम्मान भी किया। उन्होंने विकसित भारत जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों के कल्याण के प्रयासों के लिए सरकार की सराहना की। समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।

## उज्जैन–महाकाल सवारी

श्रावण मास के दूसरे सोमवार यानि कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी को पुलिस ब्रास बैंड के 350 नव प्रशिक्षित जवान बैंड के द्वारा प्रस्तुत मधुर धुनों से सवारी में उत्साह, उमंग और आकर्षण बढाएंगे। मध्य प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में पुलिस के जवानों को 6 माह का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस बैंड द्वारा क्षिप्रा तट पर पूजन के समय दत्त अखाड़ा घाट पर भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश की पुलिस इकाइयों में पुलिस जवानों को बैंड वादन सहित वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास का एक महत्वपूर्ण पहलू मध्यप्रदेश पुलिस बैंड रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस बैंड की स्थापना वर्ष 1988 में 7वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, भोपाल में की गई थी।

## बारिश/मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। नदी–नाले उफान पर हैं, बड़ी नदियों और बांधों में लगातार पानी बढ़ रहा है। जबलपुर में रानी अवंती बाई लोधी सागर परियाजना बरगी बांध के जल ग्रहण क्षेत्र में वर्षा के कारण बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे बांध के गेट खोले जाने की संभावना है। वहीं उज्जैन में क्षिप्रा नदी ऊफान पर है। सभी घाट जलमग्न हो गए हैं। वहीं नगर के निचले हिस्सों में पानी भरने की खबर है। सीहोर में कोलार डेम का जल स्तर बढ़ने से डेम के दो गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेष के कुछ जिलों में तेज बारिष का अलर्ट जारी किया है।

## समाचार संक्षेप

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान, जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना और रामेन डेका को छत्तीसगढ़ राज्य का राज्यपाल सहित विभिन्न राज्यों में नवनियुक्त राज्यपालों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज राहुल धुर्वे और साथियों द्वारा गोण्ड जनजातीय नृत्य गुन्नूरसाई की प्रस्तुति दी गई।
- इंदौर सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार एवं ग़ज़लकार अहद प्रकाश जी की स्मृति में 'अहद प्रकाश बाल साहित्य गौरव सम्मान' के लिए सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. मालती बसन्त एवं 'अहद प्रकाश ग़ज़ल रत्न सम्मान' के लिए डॉ. आबिद अम्बर का चयन किया गया है।
- धार में पांच दिनों से चल रही 60वीं पश्चिमी जोन, अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह कल पुलिस लाईन स्थित खेल परिसर में पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर जोन (ग्रामीण) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।
- श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी में पुलिस ब्रास बैंड के 350 नव प्रशिक्षित जवान भव्यता प्रदान करेंगे।
- शहडोल जिले में सभी समितियों के रिकॉर्ड ऑनलाइन फीड किये जा रहे है। संभाग की 100 समितियां में से अब तक 77 के डाटा ऑनलाइन फीड हो चुके हैं।
- कटनी में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में आपसी अनुभवों से सीखने के लिये विभिन्न प्रकार की क्षमतावर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- शहडोल नगरपालिका ने अवैध निर्माण करने वालो के खिलाफ सख्ती दिखाते हुवे 150 लोगों को नोटिस जारी किया है। 10 स्थानों पर निर्माण सामग्री जब्त की है और जुर्माना लगाया है।
- प्रदेश के सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में ओलम्पियाड में सहभागिता के लिये कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन 20 अगस्त तक कर सकते हैं।
- राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं आवेदन कहां और कैसे करें सहित विभिन्न विभागों की जानकारी अब "पात्रता एप" से ली जा सकेंगी।

------------------